COMMON PRE-BOARD EXAMINATION 2025-26

Subject: HINDI –B (085)

Class - X

SET-2

**समय-3 घण्टे** **पूर्णांक-80**

---

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड(क,ख,ग,घ) और कुल 15 प्रश्न हैं |

2 सभी प्रश्न और निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए |

3 प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए और यथासंभव उत्तर क्रम से लिखिए |

---

## खंड क (अपठित गद्यांश )

प्रश्न1अ .नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर दीजिए | 1+1+1+2+2=7

अनुशासन जीवन निर्माण का मूल मंत्र है | दृढनिश्चय एवं एकनिष्ठता के बिना अनुशासन संभव नहीं है |केवल रणभूमि में युद्ध लड़ने वाले सैनिकों के लिए ही अनुशासन आवश्यक नहीं , अपितु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी आवश्यकता है ,चाहे व्यक्ति का जीवन हो ,समाज हो या राष्ट्र हो | फिर जीवन तो कुरुक्षेत्र है जिसमें निरंतर युद्ध एवं संघर्ष चलता ही रहता है | जीवन के कुरुक्षेत्र में अनुशासन विहीन होकर जीना किसी भी प्रकार से श्रेयस्कर नहीं हो सकता| मानव जीवन जिस प्रकृति का अंग है , जिसके अंचल में वह पोषण और विकास पाता है , जिसके चक्रवात से घिरा वह तिमिर आलोक प्राप्त करता है | वह प्रकृति भी एक अनुशासन में चलती है और एक शिक्षिका की भाँति मानव को भी अनुशासन का अनुवर्तन कराती है | " हुकुम बिना ना पाता" युक्ति प्रकृति की इस अनुशासन बद्धता की ओर संकेत करती है | अनुशासन शब्द का अर्थ है - किसी एक शासन ,आज्ञा , नियम अथवा नियंत्रण का अनिवार्य रूप से पालन | यदि व्यक्ति अपने जीवन में कतिपय निश्चित नियमों का अनुसरण नहीं करता तो जीवन में किसी उच्च लक्ष्य या ध्येय की प्राप्ति नहीं कर सकता | वह जीवन निर्माण में सफल नहीं हो सकता |अनुशासन के लिए यह जरूरी नहीं कि कोई दूसरा व्यक्ति शासन करने वाला हो और हम उसके निर्धारित नियमों का पालन करें , ऐसा अनुशासन तो आरोपित अनुशासन होगा जो किसी व्यक्ति या देश की गुलामी का संकेत करता है | स्वाधीन देश में सच्चा अनुशासन वह है जो नागरिकों के हित के लिए होता है और नागरिक भी स्वेच्छा से उसका पालन करते हैं |

क ) जीवन को कुरुक्षेत्र कहने से लेखक का आशय है कि जीवन में -

1 ) निरंतर पोषण है |

2) निरंतर संघर्ष है |

3) निरंतर अनुशासन है |

4) निरंतर न्याय है |

ख) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन - भारत एक स्वाधीन देश है |

कारण -स्वाधीन देश में ही सच्चा अनुशासन संभव है |

1) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
2) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
3) कथन तथा कारण दोनों गलत है।
4) कथन तथा कारण सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

ग ) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार जीवन निर्माण का मूल-मंत्र क्या है?

1 परिश्रम 2 अनुशासन 3 ईमानदारी 4 यश की प्राप्ति

घ ) लक्ष्य की प्राप्ति में मानव की असफलता का प्रमुख कारण क्या है?

ङ ) मानव के लिए प्रकृति को शिक्षिका क्यों कहा गया है?

प्रश्न 1ब .नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर दीजिए | 1+1+1+2+2=7

साहित्य को समाज का प्रतिबिंब माना गया है अर्थात समाज का पूर्ण रूप साहित्य में प्रतिबिंबित होता रहता है |अनादि काल से साहित्य अपने इसी धर्म का पूर्ण निर्वाह करता चला आ रहा है| वह समाज के विभिन्न रूपों का चित्रण कर एक ओर तो हमारे सामने समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है और दूसरी ओर अपनी प्रखर मेधा और स्वस्थ कल्पना द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं का विवेचन करता हुआ यह भी बताता है कि मानव समाज की सुख-समृद्धि सुरक्षा और विकास के लिए कौन सा मार्ग उपादेय है ? एक आलोचक के शब्दों में कवि वास्तव में समाज की व्यवस्था वातावरण, धर्म-कर्म रीति-नीति तथा सामाजिक शिष्टाचार या लोक व्यवहार से ही अपने काव्य की उपकरण चुनता है और उनके प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है| साहित्यकार उसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें वह जन्म लेता है वह अपनी समस्याओं का सुलझाव अपने आदर्शों की स्थापना अपने समाज के आदर्शों के अनुरूप ही करता है | जिस सामाजिक वातावरण में उसका जन्म होता है उसी में उसका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है| अतः यह कहना सर्वथा असंभव और अविवेकपूर्ण है कि साहित्यकार समाज से पूर्णतया निरपेक्ष या तटस्थ रहकर साहित्य सृजन करता है | वाल्मीकि तुलसी और भारतेंदु प्रेमचंद आदि का साहित्य इस बात का सर्वाधिक सशक्त प्रमाण है कि साहित्यकार समाज से घनिष्ठ रूप से संबंध रखता हुआ ही साहित्य सृजन करता है समाज की अवहेलना करने वाला साहित्य क्षणजीवी होता है |

क) साहित्य समाज का प्रतिबिंब है क्योंकि यह

1 ) समाज की वास्तविकता का द्योतक है | 2 ) समाज में लोक व्यवहार का समर्थक है |

3 ) व्यक्ति की समस्याओं का निदान करता है| 4 ) साहित्य को दिशा प्रदान करता है|

ख) वाल्मीकि तुलसी और सूर के उदाहरण द्वारा लेखक चाहता है-

1 ) भाव साम्यता  2 ) प्रत्यक्ष प्रमाण  3 ) सहानुभूति  4 ) शिष्टाचार

ग) कथन- कवि अपने काव्य के उपकरणों का प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है|

कारण – कवि हृदय अत्यंत संवेदनशील होता है एवं सदैव देशहित चाहता है|

विकल्प :

1) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
2) कथन तथा कारण दोनों गलत है।
3) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|
4) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

ग ) " उर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित हैं |" कथन का आशय है-

1) भारत में गरीब व अधिकारहीन लोग अधिकारों के प्रति जागरुक नहीं हैं
2) विकासशील योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिलता
3) भारत के लोग योजना नहीं चाहते
4) उपरोक्त सभी

घ ) गद्यांश क्या संदेश देता है?

ङ ) साहित्य की क्षणभंगुरता का कर्ण स्पष्ट कीजिए |

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न2.पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-  1x4=4

क) नारे लगाने वालों में से कुछ व्यक्ति मेरे जानकार हैं |रेखांकित का पदबंध बताइए|

ख) परीक्षा के दिनों में एक-डेढ़ महीना खूब पढ़ा-लिखा करते थे| क्रिया पदबंध बताइए|

ग) हमेशा सच का साथ देने वाले चरित्रवान होते हैं |रेखांकित का पदबंध बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए |

घ) पहाड़ों में पत्थर अक्सर तेजी से लुढ़ककर गिर जाते हैं | इस वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध बताइए |

ङ) स्टेज पर नृत्य करने वाली वह छात्रा मेरी कक्षा में है | रेखांकित का पदबंध बताइए |

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित निम्नलिखित पांच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

1x4 =4

क) मैं भाई साहब की सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख) उसका बंदरिया जैसा चेहरा और भी अजीब लगता | ( वाक्य भेद बताइए)

ग) यद्यपि मैंने कड़ी मेहनत की फिर भी सफल नहीं हुआ |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)

घ) जब तक कड़ी मेहनत नहीं करोगे तब तक प्रथम नहीं आ सकोगे |( सरल वाक्य में बदलिए)

ङ) वह मेहनती है अतः पराजय स्वीकार नहीं करता |( वाक्य भेद बताइए)

प्रश्न4.समास पर आधारित निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क)'क्रोधाग्नि ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए |

ख)' जेबकतरा ' समस्त पद का विग्रह और समास भेद लिखिए |

ग) 'चंद्रशेखर ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए |

घ)'घर -घर ' समस्त पद का विग्रह कर समास भेद लिखिए

ङ) बहुव्रीहि ` समास की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण दीजिए |

प्रश्न5.मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क) राहुल के होस्टल जाते ही उस पर माँ-बाप की -------------- हो गई | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ख) मैं मोनालिसा के चित्र को ------------रह गया | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ग)'मुँह खुला का खुला रह जाना 'अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए |

घ)'गिरह बाँधना ' मुहावरे का अपने वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए|

ङ) शकुनी की चालों ने कौरवों और पांडवों के बीच ---------कर दी | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

**खंड ग (पाठ्यपुस्तकीय प्रश्न )**

प्रश्न 6 .निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

जापान में मैंने अपने एक मित्र से पूछा यहाँ के लोगों को कौन सी बीमारियाँ अधिक होती हैं ? "मानसिक "उन्होंने जवाब दिया यहां के 80 फ़ीसदी लोग मनोरुग्ण हैं | इसकी क्या वजह है? कहने लगे हमारे जीवन की रफ्तार बढ़ गई है यहाँ कोई चलता नहीं बल्कि दौड़ते हैं , कोई बोलता नहीं बकते हैं| हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं | अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे| एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने की कोशिश करने लगे| वैसे भी दिमाग की रफ्तार हमेशा तेज ही रहती है उसे स्पीड का इंजन लगाने पर वह हजार गुना अधिक रफ्तार से दौड़ने लगता है| फिर एक क्षण ऐसा आता है जब दिमाग का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है| यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं |

क) पाठ और लेखक का नाम चुनिए

1 झेन की देन :रवींद्र नाथ टैगोर

2 झेन की देन : रवींद्र केलकर

3 झेन की देन : काका कालेलकर

4 झेन की देन : रवींद्र केलेकर

ख) लेखक अपने जापानी मित्र से किसके बारे में पूछता है-

1 उनके खान-पान के बारे में

2 जापान के भ्रमण योग्य स्थान के बारे में

3 जापान के लोगों के बारे में

4 जापानियों में होने वाली बीमारियों के बारे में

ग) जापानियों को कौन सी बीमारी ने जकड़ लिया है ?:-

1 फेफड़ों की बीमारी ने

2 मानसिक बीमारी ने

3 कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी ने

4 टी. बी . जैसी बीमारी ने

घ) जापानियों की मानसिक बीमारी का क्या कारण है ?

1 अमेरिका से प्रतिस्पर्धा के कारण जीवन की रफ्तार का बढ़ना

2 प्रदूषण का बढ़ना

3 खान पान की गलत जीवन शैली अपनाना

4 वंशानुगत रोगों का होना

ङ) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |

कथन : जापान के 100 फी सदी लोग मनोरुग्ण हैं |

कारण : यहां के लोगों के जीवन की रफ्तार बहुत तीव्र है|

1 कथन तथा कारण दोनों गलत है|

2 कथन गलत है लेकिन कारण सही है|

3 कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

4 कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण और कथन की सही व्याख्या करता है|

प्रश्न 7.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी ,
मरो परंतु यूँ मरो कि याद जो करें सभी |
हुई ना यूँ सुमृत्यु तो वृथा मरे वृथा जिए ,
मरा नहीं वही कि जो जिया ना आपके लिए |
वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे ,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे|

क) प्रस्तुत पद के अनुसार मनुष्य को मृत्यु से कभी नहीं डरना चाहिए, क्योंकि-

1 मनुष्य मरणशील है    2 मनुष्य अमर है

3 मनुष्य का पुनर्जन्म होता है    4 मनुष्य का उपचार संभव है

ख) व्यक्ति की मृत्यु कैसी होनी चाहिए ?

1 उसके जाने के बाद सभी सुख महसूस करें    2 उसके जाने के बाद सभी उसके सत्कर्मों को याद करें

3 उसकी मृत्यु पर शोक सभा की जा सके    4 उसकी मृत्यु को कोई याद ना रखें

ग) पशु प्रवृत्ति क्या होती है ?

1 पशु मिलकर रहते हैं    2 पशु तालाब का पानी पीने आते हैं

3 पशु एक दूसरे के शत्रु होते हैं    4 स्वार्थी होकर केवल अपने बारे में सोचना

घ) कवि ने सम मृत्यु किसे कहा है ?

1 जो केवल अपने विकास की बात सोचते हैं    2 परोपकार के लिए जीवन उत्सर्ग करना

3 केवल परिवार के लिए जीवन समर्पित करना    4 इच्छा मृत्यु को सुमृत्यु कहा है

ङ) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |
कथन मनुष्य को मृत्यु से नहीं डरना चाहिए |
कारण मनुष्य मरणशील प्राणी है |
1 कथन गलत है किंतु कारण सही है
2 कथन और कारण दोनों ही गलत है
3 कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है
4 कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है

प्रश्न 8 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए |    2x3 =6

क) लगातार बढ़ती आबादी ने पर्यावरण को किस रूप में प्रभावित किया है ? ' अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए |

ख) तताँरा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई और उनकी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ? अपने शब्दों में लिखिए |

ग) कर्नल और लेफ्टिनेंट को वजीर अली से रॉबिनहुड की याद क्यों आती थी ? वजीर अली के बारे में उन्हें क्या-क्या जानकारी मिली ? कारतूस पाठ के आधार पर लिखिए |?

घ) ‘तीसरी कसम ’ में राज कपूर का महिमामय व्यक्तित्व किस प्रकार हीरामन की आत्मा में उतर गया है? स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए |    2x3 =6

क) ' कर चले हम फ़िदा ' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ?

ख) आत्मत्राण कविता में कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?

ग)'पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश' से कवि का क्या तात्पर्य है |

घ) कबीर ने निंदक को सदैव अपने पास रखने को क्यों कहा है ?

प्रश्न 10 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए| 3x2=6

क) ' सपनों के से दिन' पाठ पढ़कर आप किन मूल्यों से परिचित होते हैं ?अपने विवेक के आधार पर लिखिए|
ख) 'टोपी शुक्ला' पाठ के नायक टोपी शुक्ला की परेशानियों को देखते हुए आप शिक्षा व्यवस्था में किस तरह के सुधार लाना चाहेंगे ?
ग) रिश्तों की गर्मी धूमिल हो सकती है लेकिन मिटती नहीं हरिहर काका पाठ के आधार पर समाज में रिश्तों की अहमियत प्रतिपादित कीजिए |

**खंड – घ (रचनात्मक लेखन )**

प्रश्न 11 .निम्नलिखित विषयों में से किसी 1 पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | 5x1=5

क) मेरे जीवन का लक्ष्य-
- जीवन में लक्ष्य की आवश्यकता
- आपका लक्ष्य क्या है ?
- लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास
- सफल होकर समाज के लिए क्या करोगे

क) पर्यावरण की रक्षा मानव की सुरक्षा
- मनुष्य प्रकृति का अंग
- पर्यावरण से खिलवाड़
- दुष्प्रभाव ,
- दूर करने के उपाय

ख) अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमकता सितारा -भारत हमारा
- विकास की ओर बढ़ते कदम
- जीवन मूल्यों की पहचान
- भारतीय क्षमता
- सक्षम नेतृत्व

प्रश्न 12 प्लास्टिक की चीज़ों से हो रही हानि के बारे में किसी दैनिक पत्र के संपादक को सुझाव देते हुए पत्र लिखिए | (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द) 5x1=5

अथवा

आप विद्यालय की छात्र- परिषद के सचिव हैं |स्कूल के बाद विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए | (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

प्रश्न 13 . आप अ ब स विद्यालय दिल्ली के हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष हैं | आपके विद्यालय में अंतः सदन (इंटर हाउस ) हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है| इस संबंध में स्कूल के छात्रों को जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए | 4 x1 =4

अथवा

आप का नाम राकेश शर्मा है| दो दिन पहले आपका पुत्र विद्यालय से घर आते हुए लापता हो गया, गुमशुदा बालक की तलाश हेतु अखबार में प्रकाशित करने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों लिखिए |

प्रश्न 14 . रक्तदान को बढ़ावा देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | 3x1 =3

अथवा

हाथ में पहनी जाने वाली घड़ी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

प्रश्न 15 . 'छोटी सी भूल का बड़ा दुष्परिणाम' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए| 5x1=5

अथवा

आपके मोहल्ले में आए दिन चोरियाँ हो रही हैं उनकी रोकथाम के लिए थाना अध्यक्ष को इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में ईमेल लिखिए |